>Title: Need to provide adequate compensation to the opium growers of Madhya Pradesh and Rajasthan for the damage caused to their crops due to hailstorms and take steps for renewal of their licences. 12.08 hrs

डा. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : अध्यक्ष महोदय, देश के राजकोष में विदेशी मुद्रा अर्जित कर राष्ट्रीय वित्तीय व्यवस्था में योगदान देने वाले मध्य प्रदेश व राजस्थान के अफीम उत्पादकों के समक्ष इस वर्ष ओलावृष्टि व फसल में रोग लगने के कारण अप्रत्याशित हानि हुई। इसमें मध्य प्रदेश का मंदसौर जिला सर्वाधिक प्रभावित हुआ। इससे हजारों उत्पादकों के समक्ष जहां भयंकर आर्थिक संकट खड़ा हुआ है, वहीं विभागीय नियमों के कारण हजारों किसानों के लाइसेंसिंग का न वीकरण भी संभव नहीं होगा। ऐसी दशा में उत्पादक कृषकों को उचित राहत दिये जाने की आवश्यकता है तथा उनके लाइसेंसों का नवीकरण हो सके, इस दिशा में फसल का व्यक्तितगत रूप से निरीक्षण कराकर उनकी हानि आंकी जानी थी, जो नहीं किया गया ।

अतः मेरा वित्त मंत्री महोदय से निवेदन है कि यह मामला हजारों किसानों के हितों से संबंधित होकर विदेशी मुद्रा के अर्जन से भी संबंधित है। अतः विभाग को त वरित योग निर्देश देने का कष्ट करें ताकि किसान आश्वस्त हो सकें।